ई–मेल / स्पीड पोस्ट

पत्रांक–10प / वि0प0–10–49 / 2023 / 14783 / पं०रा०

बिहार सरकार

पंचायती राज विभाग

प्रेषक,

गोविन्द चौधरी,
उप सचिव

सेवा में,

अवर सचिव,
स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना।

पटना, दिनांक–07 / 11 / 2023

विषयः– श्री महेश्वर सिंह, मा०स०वि०प० द्वारा पूछा गया ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–04 / 2023 का हस्तानांतरण करने के संबंध में।

महाशय

उपर्युक्त विषय के संबंध में निदेशानुसार कहना है कि श्री महेश्वर सिंह, मा०स०वि०प० द्वारा पूछा गया ध्यानाकर्षण सूचना संख्या–04 / 2023 जो निम्न प्रकार है :–

"पूर्वी चम्पारण स्थित ढाका टी.बी. अस्पताल का भवन खस्ताहाल है। इसके दरवाजे, खिड़कियां आदि टूटे पड़े हैं और इसकी छत व दीवार का प्लास्टर टूट टूटकर गिर रहा है। यहां नशेड़ियों एवं जुआरियों का जमघट लगा रहता है। यह अस्पताल जिला परिषद के अधीन है। इसके परिसर में आवासीय भवन भी है, जिसपर अवैध कब्जा जमा लिया गया है। अस्पताल में मात्र एक चिकित्सक पदस्थापित हैं, जिन्हें जिला यक्ष्मा पदाधिकारी का भी अतिरिक्त प्रभार मिला हुआ है। कर्मचारियों के लगभग 80 प्रतिशत पद रिक्त हैं। मरीजों को देने के लिए दवा भी उपलब्ध नहीं है। यह अत्यंत गरीब और पिछड़ी गरीब जनता का इलाका है जो मेहनत–मजदूरी करके अपना जीवन यापन करते हैं और महंगा इलाज नहीं करा सकते है।

एक ओर भारत सरकार और राज्य सरकार का संकल्प है कि आगामी कुछ वर्षों में टी.बी. का पूरी तरह से उन्मूलन कर दिया जायेगा, वहीं दूसरी ओर ढाका टी.बी. अस्पताल की हालत अत्यंत खराब है।

अतः टी.बी. अस्पताल, ढाका में आधारभूत संरचना, दवा उपलब्ध कराने तथा वहां चिकित्सक एवं कर्मचारियों के पदस्थापन हेतु सरकार से सदन में एक स्पष्ट वक्तव्य की मांग करता हूँ।

उपर्युक्त वर्णित कार्य पंचायती राज विभाग, द्वारा सम्पादित नहीं किया जाता है। यह विषय स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना से संबंधित है।

अतएव ध्यानाकर्षण प्रश्न की प्रति संलग्न करते हुए अनुरोध है कि वर्णित ध्यानाकर्षण प्रश्न का उत्तर प्रतिवेदन बिहार विधान सभा सचिवालय को ससमय भेजने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव

ज्ञापांकः—10प / वि0प0—10—49 / 2023 / 14783 / पं०रा० पटना, दिनांक— 07 / 11 / 2023
प्रतिलिपिः—अवर सचिव, बिहार विधान परिषद् सचिवालय, पटना के ध्यानाकर्षण प्रश्न संख्या—04 / 2023 के आलोक में सूचनार्थ प्रेषित।

(गोविन्द चौधरी)
उप सचिव